Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to commence air services from Gwalior to Pune.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूँ कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । मेरे पिताजी स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर जी छठी, सातवीं लोक सभा के सदस्य थे । मेरा सौभाग्य है कि आज इसी सदन में मुझे बोलने का मौका मिल रहा है ।

महोदय, ग्वालियर देश का सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक शहर होने के साथ-साथ व्यापारिक, औद्योगिक एवं शिक्षा का प्रमुख केन्द्र भी है । गत दिनों ग्वालियर से हैदराबाद, जम्मू, बेंगलुरु व कोलकाता हेतु स्पाइस जेट की उड़ानें प्रारम्भ की गई थीं । उसी समय स्पाइस जेट के चेयरमैन श्री अजय सिंह जी ने ग्वालियर से पुणे हेतु फ्लाइट शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु आश्वास्त किया था, लेकिन अभी तक यह सुविधा ग्वालियरवासियों को प्राप्त नहीं हो सकी है ।

इस फ्लाइट के प्रारम्भ होने से ग्वालियर के उद्योगपति, व्यवसायी एवं आईटी सेक्टर से जुड़े अनेक युवक-युवतियां लाभावित होंगे । ग्वालियर से पुणे नियमित फ्लाइट की व्यवस्था जल्द से जल्द करने की आवश्यकता है, क्योंकि ग्वालियर से पुणे की रेल यात्रा असुविधाजनक होने से काफी लम्बे समय से पुणे फ्लाइट की आवश्यकता महसूस की जा रही है । उपरोक्त सेवा ग्वालियरवासियों को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ऐसा आग्रह मैं सदन और आपके माध्यम से सरकार को करना चाहूंगा ।